उत्तर प्रदेश शासन

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1

संख्या- 4/2021/149/84-1-2021-35/2016

लखनऊ दिनांक 09 मार्च,2021

कार्यालय आदेश

लोक सेवा आयोग उ0प्र0 द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा सामान्य चयन/(दिव्यांगजन विशेष चयन) परीक्षा-2018 के आधार पर चयनित श्री मनीष वर्मा पुत्र श्री रामखेलावन वर्मा, को श्री राज्यपाल महोदय सहायक नियंत्रक ग्रेड-1,विधिक माप विज्ञान के पद पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन ग्रेड-3 रू0 15600-39100 तथा ग्रेड पे रू0 5400 में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त करते हुये विन्ध्यांचल मण्डल में तैनात करते हैं।

2- श्री वर्मा को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की विहित परिवीक्षा अवधि पर रखा जायेगा।

3- श्री वर्मा को उक्त वेतन बैण्ड में वेतन के अतिरिक्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य महंगाई भत्ता तथा भत्ते भी नियमानुसार देय होंगे।

4- श्री वर्मा को नियमानुसार प्रशिक्षण के लिये भेजा जायेगा।

5- श्री वर्मा की ज्येष्ठता उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली-1991 (अद्यावदिक संशोधन सहित) के सुसंगत नियमों के अनुसार आयोग द्वारा तैयार की गयी ज्येष्ठता की सूची के आधार पर निर्धारित की जायेगी।

भवदीय,

(सन्तोष कुमार सक्सेना)
विषेष सचिव ।

संख्या- 4/2021/2021/149(1)/84-1-2021-35/2016

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।
2. सचिव लोक सेवा आयोग उ0प्र0 प्रयागराज।
3. नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित की वे श्री मनीष वर्मा पुत्र रामखेलावन वर्मा जिला रायबरेली को कार्यभार-प्रमाण

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

पत्र भरवाकर समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए उन्हें नियमानुसार कार्यभार ग्रहण करायें और इसकी सूचना शासन को प्रेषित करें।

4. आयुक्त विन्ध्यांचल मण्डल।

5. जिलाधिकारी मिर्जापुर।

6. कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी मिर्जापुर।

7. निदेशक मुद्रण एवं लेखन सामग्री उ0प्र0 प्रयागराज को गजट में प्रकाशन हेतु।

8. श्री मनीष वर्मा आत्मज श्री रामखेलावन वर्मा निवासी-1459 इन्दिरा नगर थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नियंत्रक विधिक माप विज्ञान विभाग, 07 बालाकदर रोड़ उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय में उपस्थित होकर तत्काल कार्यभार ग्रहण करें। इस हेतु उन्हें कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

9. कार्मिक अनुभाग-4 को उनके पत्र संख्या-आ-488/का-4-2020 दिनांक 11. 11.2020 के संदर्भ में।

10. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।